पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार ने देखा दयापुर का विकास

- आराजीलाइन्स के दयापुर का चयन ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत विशेष ग्राम के रूप में हुआ है
- महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री को जयंती पर किया गया नमन
- गाँव के 80 वरिष्ठ नागरिकों का दयापुर ग्राम प्रधान वीरेंद्र ने किया सम्मान
- मुख्य अतिथि मोहित गुप्ता ने स्वच्छता एवं पर्यावरण की शपथ दिलाते हुए किया पौधारोपण

परफेक्ट मिशन

वाराणसी। आराजीलाइन्स विकासखंड क्षेत्र के दयापुर स्थित पंचायत सचिवालय पर बुधवार को खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में व ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार की देख-रेख में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित विशेष ग्राम सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मोहित गुप्ता सलाहकार पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार तथा खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह यादव तथा एडीओ पंचायत प्रवीण सिंह द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत ध्वजारोहणकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार तथा रोजगार सेवक धर्मेंद्र यादव के सहयोग से गांव के 75 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक महिला कलावती देवी तथा के एल जायसवाल सहित गांव के लगभग 80 वरिष्ठ नागरिकों को अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत तालाब के किनारे पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीआरआई संस्था द्वारा बनाए गए ग्राम पंचायत विकास योजना का मॉडल एवं समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालो का अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहित गुप्ता ने दयापुर गांव की साफ सफाई एवं लोगों की हिस्सेदारी की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत विकास योजनाओं तथा नौ विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया और लोगों को स्वच्छ एवं हरित गांव हेतु शपथ दिलाया।कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार द्वारा अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल विश्वकर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीपीएम राघवेंद्र प्रताप सिंह,एडीओ पंचायत आराजीलाइन्स प्रवीण सिंह, टीआरआई से श्वेता, संदीप मोफिद, किरण, सचिव सुरेश यादव, पंचायत सहायक सौरभ, रोजगार सेवक धर्मेंद्र यादव, विजय राजभर, शर्मिला देवी, सोनी मौर्य, जटाशंकर तिवारी,मुन्ना भगत,देवनाथ पटेल सहित समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

बाराडीह व खेवली में भी हुआ विशेष ग्राम सभा आयोजन

इसी क्रम में ग्राम पंचायत बाराडीह विकास खण्ड सेवापुरी मे भी विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम सभा की वार्षिक कार्ययोजना बनाये जाने हेतु सभी मुद्दों पर चर्चा की गयी एवं स्वच्छता की सपथ ली गयी। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा 9 थीम मे से सुशासित पंचायत थीम पर संकल्प लिया गया तथा ग्राम सभा की बैठक मे कृषि विभाग, एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित मिट्टी के दीपक, बर्तन, एवं बनारसी साड़ी का स्टाल लगाया गया एवं ग्राम पंचायत मे चिकित्सा शिविर (हेल्थ कैंप) लगाया गया। उक्त बैठक मे विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल एवं जिला पंचायत सदस्य, जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड स्तरीय अधिकारी, यंग फेलो के सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सचिव, प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक समेत 1000 से अधिक ग्रामवासी द्वारा प्रतिभाग किया गया गया इसी क्रम में ग्राम पंचायत खेवली विकास खण्ड आराजीलाइन मे भी विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम सभा की वार्षिक कार्ययोजना बनाये जाने हेतु सभी मुद्दों पर चर्चा की गयी एवं स्वच्छता की सपथ ली गयी उक्त बैठक मे पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार से कंसलटेंट, जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड स्तरीय अधिकारी, टी आर आई एफ संस्था के सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सचिव, प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक समेत 800 से अधिक ग्रामवासी द्वारा प्रतिभाग किया गया।